Triveni
ENGINEERING & INDUSTRIES LTD.

+91 120 4308100
+91 120 4311010/11
www.trivenigroup.com

By E-filing

REF:TEIL:SE:	Date: 16th May, 2022
BSE Limited Department of Corporate Services, Rotunda Building, P.J. Tower, Dalal Street, Fort, MUMBAI - 400 001 Thru: BSE Listing Centre	National Stock Exchange of India Ltd., Listing Department Exchange Plaza, 5th Floor, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), MUMBAI - 400 051 Thru: NEAPS
STOCK CODE: 532356	**STOCK CODE: TRIVENI**
Sub: Newspaper advertisement pertaining to Audited Financial Results for Q4 and FY22 ended March 31, 2022	

Dear Sirs,

Pursuant to Regulations 47 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015 as amended, we enclose copies of the newspapers advertisement pertaining to the audited financial results of the Company for the Q4 and FY22 ended March 31, 2022 published in the Business Standard (English & Hindi) on 16th May, 2022.

This is for your information and record.

Thanking you,

Yours faithfully,
For Triveni Engineering & Industries Ltd.,

Geeta Bhalla

GEETA BHALLA
Group Vice President &
Company Secretary
M.No.A9475

Encl: As above

Corporate Office: 8th Floor, Express Trade Towers, Plot 15 & 16, Sector 16-A, Noida, Uttar Pradesh – 201301, India.
Registered Office: A-44, Hosiery Complex, Phase-II Extension, Noida-201 305, Uttar Pradesh. CIN No.: L15421UP1932PLC022174



Boeing F/A-18s operating off an aircraft carrier. Indian Navy has decided that the twin-seat Rafale will not be disqualified on the basis of its inability to operate from a carrier, according to sources

India may buy Rafales for its aircraft carriers

Navy plans to buy 26 MRCBFs, so that INS Vikrant has more strike options

AJAI SHUKLA
New Delhi, 15 May

The Indian Naval Ship (INS) Vikrant, the Navy's first indigenous aircraft carrier (IAC-1), is undergoing lengthy sea trials, after which it will enter operational service late this year. With the 45 Russian MiG-29K/KUB fighters notorious for their unreliability, the Navy plans to urgently procure 26 multi-role carrier-borne fighters (MRCBF) from an international vendor, so that INS Vikrant has more strike options besides the unreliable MiG-29s.

With INS Vikrant likely to be followed by a second indigenous aircraft carrier (IAC-2) named INS Vishal, another 31 MRCBFs will be acquired to operate off its deck, taking the MRCBF acquisition to 57 fighters.

The Boeing Company (Boeing), the leading contender to supply the MRCBFs, says the F/A-18E/F Super Hornet fighters it is offering are significantly more attractive than the carrier-borne Rafale variant — the Rafale Marine — which French company, Dassault Aviation, is offering.

Alain Garcia, Boeing Defense's business development chief in India, says the Super Hornet offers major operational advantages. The Indian Navy's tender for 26 MRCBFs requires eight twin-seat and only 18 single-seat variants. That is not a problem for Boeing, whose F-18s are all designed –the single-seat F/A-18E and the twin-seat F/A-18F — to be capable of carrier-deck operations.

In contrast to the twin-seat Super Hornet, the twin-seat Rafale Marine cannot operate off an aircraft carrier. Many Indian acquisition officials argue that this should disqualify the twin-seat Rafale from the MRCBF tender.

"Eight of the 26 Rafale fighters being bought can operate from land bases only. It is hard to understand why the Navy would buy jets that cannot operate off a carrier," said an Indian procurement official.

But sources say the Indian Navy has decided that the twin-seat Rafale will not be disqualified on the basis of its inability to operate from a carrier.

Boeing officials argue that the Super Hornet is designed from ground-up as a carrier-borne aircraft with every component designed to that end. For example, the Super Hornet's foldable wings saves space on the flight deck, the hangars and on the lift that transports aircraft between these two levels. In contrast, the Rafale's wings are not foldable. Parts must be removed – such as nose cone and wing tips – to move it from one deck to another.

Like the Super Hornet, other platforms and aviation systems that operate off a US carrier are designed from ground-up to function as part of a carrier-based system. For example, the electronic attack variant of the Super Hornet, called the F/A-18G Growler, are designed to accompany the Super Hornets on strike missions, jamming enemy radar and electronic defences.

US Navy aircraft carrier groups also have an airborne early warning capability in their air wings, for which each carrier embarks three-four E-2D Hawkeye aircraft. The Indian Navy is weighing having this capability.

Carrier-borne Super Hornets are also highly compatible with equipment that the Indian Navy already operates. They are connected over NATO standard Link-16 data, voice and video links with the MH-60 Romeo anti-submarine helicopters, P-8I Poseidon long-range maritime aircraft and with the other warships in the carrier group.

If the Indian Navy acquires Super Hornets, interoperability would be further enhanced between US Navy platforms.

New acquisition process

The method chosen for selecting the MRCBF is different from the Indian MoD's standard procurement process and will reduce the time taken for evaluating, selecting and contracting for the aircraft.

The process began with the navy issuing a request for Information (RFI), to which Boeing and Dassault responded. Then both aircraft – the Super Hornet and the Rafale Marine – carried out an operational demonstration in the navy's "shore-based test facility" (SBTF) in Goa to demonstrate their aircraft's compatibility with a ski jump and other carrier systems.

Now both firms will submit a final letter of Price & Availability (P&A) and Indian officials will make a decision based on that. Indian Navy pilots will not fly the aircraft. Instead, the Indian MoD will evaluate the operational demonstration and prepare a technical evaluation report, based on that.

Boeing complains that the RFI is based on the lowest common denominator, in which the lowest priced aircraft is chosen rather than the most capable one. With only two competitors in the fray, the Indian Navy wants to keep both of them in consideration to avoid a single-vendor competition. That keeps the navy writing and adjusting requirements to keep both competitors in.

Metal firms say weak rupee set to be a mixed bag for biz

ISHITA AYAN DUTT
Kolkata, 15 May

A weak rupee will make imports of input materials more expensive for metal firms but better export realisations may cushion the impact to an extent, say industry insiders. Also, steel imports will be less competitive and act as a buffer to weakening domestic prices, they say.

According to CRISIL Research, India imported close to 57-59 million tonnes of coking coal – a key input for steelmaking – worth ₹1 trillion in the year ending March 31, 2022.

Prices of coking coal soared since February 24 with Russia's war on Ukraine as both nations are major steel and raw material exporters. It has come off from its peak of $670 a tonne, but is still hovering around $500 a tonne. A weak rupee will make imports more expensive but some steel companies believe that the impact will be neutralised.

"A weaker rupee is positive for the steel industry as we are a net exporter of steel. Domestic prices will be helped with a weaker rupee because imports will be less competitive. Imported coal costs will go up but overall a weaker rupee is better for the industry," said Tata Steel Managing Director and Chief Executive Officer (CEO) T V Narendran.

"While the rupee has depreciated, we at JSW Steel have a cash flow hedge in place," said Jayant Acharya, director (commercial & marketing), JSW Steel.

Acharya said that a weaker rupee will lead to higher cost of imports and thus support domestic prices. "Exports will provide some cushion on better rupee realisation. As geopolitical tensions and supply disruptions ease, we expect a correction in raw material prices going forward."

Jindal Steel & Power expects the higher cost of coal imports to be neutralised by export realisations. "We are exporting about 35 per cent of the total produce and we import only coking coal. The impact on us is neutral up to rupee-at-78 levels," said JSPL Managing Director V R Sharma.

The problem for steel firms, however, is that prices in the western markets have corrected, says Hetal Gandhi, director, CRISIL Research.

"Indian mills made the best use of elevated prices in Europe and the US to book export orders over the last two months, but with prices in both the geographies correcting by over 25 per cent exports will not remain as lucrative. Hence, Indian mills won't be able to use exports to offset the rise in coking coal prices," said Gandhi.

In the domestic market, prices are correcting after touching a new all-time high in April.

The SteelMint data shows the average monthly trade prices of hot rolled coil — a benchmark for flat steel — dropped from ₹76,000 per tonne in April to ₹72,500 per tonne in May; rebar in long steel corrected from ₹72,900 to ₹71,000 per tonne.

ArcelorMittal Nippon Steel India Chief Marketing Officer Ranjan Dhar said there was hardly any headroom for mills because costs in this quarter were very high. To the extent of currency movement, costs will get impacted.

Dhar said the bulk of sales were in the domestic market. "About 70-80 per cent of the cost is on account of imported coal. That cost will go up because of currency while domestic steel prices are not moving basis currency," he said.

But mills are hoping that sentiments will improve with the latest developments in China. Relaxation of lockdown is expected to bring back demand.

In base metals, India is a net exporter of zinc and may stand to gain. "Our prices are linked with USD. While fall of rupee does improve earnings in INR, it increases our cost of imported coal as well as capital equipment and certain spares. However, on an overall margin point of view, it's beneficial," said Arun Misra, CEO of Hindustan Zinc (HZL). HZL has a 78 per cent share in India's primary zinc industry.

As far as aluminium is concerned, India is a major exporter. Gandhi said three large domestic players export over 60 per cent of their domestic production. "Rise in currency rate is likely to lead to higher realisations (domestic as well as exports) aiding the margins for the players."

However, S K Roongta, non-executive chairman, Balco, said rupee will not have a great deal of impact on the aluminium industry. "There are inputs that have to be imported. Secondly, in a normal situation, if the dollar is strong globally then prices on the London Metal Exchange (LME) get correspondingly adjusted downward."

The secondary aluminium sector is largely dependent on imports, said Gandhi, and depreciation in rupee will lead to higher input costs, which will be marginally offset by higher domestic realisation.

In copper, Indian manufacturers are largely converters and depreciation in rupee will lead to higher treatment charge/refining charge margins – fixed at the global level between miners and copper cathode manufacturers – in rupee terms, proving beneficial for the industry, according to Gandhi.

HITS & MISSES

Pros and cons of a weak ₹

STEEL
- Imported coal cost to increase
- Steel imports to be less competitive
- Export income to rise

COPPER
- Treatment charge/refining charge margins to increase

ALUMINIUM
- Imports to cost more
- Export realisations to be higher but LME prices off their peak

ZINC
- Input cost to increase
- Earnings to jump as India is a net exporter

AIRTEL TO SET UP DIGITAL TECH HUB IN PUNE, HIRE 500 PEOPLE

Bharti Airtel is planning to set-up a technology centre in Pune to support digital services in the Western region and will be hiring around 500 digital engineering professionals by the end of the current financial year, a senior company official said. This will be Airtel's fourth digital technology hub in India and first in the Western region to support its strategy to pivot to a digital services company, especially as 5G services are on the horizon. Confirming the plans, Bharti Airtel chief information officer Pradipt Kapoor told *PTI* that Airtel is rapidly scaling up its in-house digital talent pool to support its transformation into a digital telecom firm. Airtel is looking to hire across multiple experience and domains – Big Data, Machine Learning, Dev Ops, Tech operations, etc. Airtel already has similar digital technology hubs in Gurgaon, Bengaluru (Airtel X-Labs) and Noida. These facilities employ close to 3,000 people. In addition to top global talent including Silicon Valley and domestic start-ups, Airtel is hiring from engineering institutes like IITs, NITS, IIITs for its digital technology hubs, a company official said. Airtel claims to have made investments worth more than $46 billion in the last couple of decades to create digital infrastructure over which 40 per cent of India's economic and digital activity takes place. Airtel's digital assets includes the Airtel Thanks app, Wynk Music app, Airtel Xstream content platform with over 180 million monthly active users. PTI

Conducted first set of 3 proving flights: Jet

PRESS TRUST OF INDIA
New Delhi, 15 May

Jet Airways on Sunday conducted the first set of three proving flights with 18 people, including officials of the aviation regulator DGCA, on board the aircraft, sources said. The second set of two proving flights will be operated by Jet Airways on Tuesday, they said.

Proving flights is the last step for the airline to obtain the air operator certificate (AOC). The first of the three proving flights was conducted on the Delhi-Mumbai route, sources said.

The second flight was scheduled to return to Delhi, but after it departed from Mumbai, officials of the Directorate General of Civil Aviation (DGCA) asked the pilots to divert it to Ahmedabad, they said.

The DGCA diverts aircraft during proving flights to test the readiness of a new airline in handling such situations, they said.

The second flight safely landed in Ahmedabad, and sometime after that, the third flight was conducted on the Ahmedabad-Delhi route, they said.

The aircraft used for these three proving flights was a Boeing 737 plane with registration number VT-SXE of Jet Airways, they said.

There were 18 people — four cabin crew members, two pilots, and 12 others, including DGCA officials and senior executives of Jet Airways — on board the plane during these three proving flights, sources said.

कांग्रेस ने लिया पार्टी में सुधार का संकल्प

पार्टी जनसंपर्क कार्यक्रमों को बढ़ावा देगी जिसके तहत राहुल गांधी देश भर में पदयात्रा करेंगे

आदिति फडणीस

उदयपुर में आयोजित चिंतन शिविर में कांग्रेस नेताओं ने काफी विचार मंथन के बाद 'नव संकल्प' की घोषणा की जिससे पार्टी के कामकाज में व्यापक बदलाव दिखने की संभावना है। इस घोषणापत्र के मुताबिक पार्टी जनसंपर्क कार्यक्रमों को बढ़ावा देगी जिसके तहत राहुल गांधी देश भर में पदयात्रा करेंगे। हालांकि इस चिंतन शिविर में शामिल कई लोगों ने कहा कि यह बैठक चुनाव से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने से जुड़ी रणनीति बनाने के लिए पर्याप्त नहीं है।

अपने भाषण में पार्टी नेता राहुल गांधी ने स्वीकार किया कि लोगों और पार्टी के बीच का संपर्क टूट गया है और उन्होंने इसे फिर से इस संबंध को मजबूत करने का वादा किया है। उन्होंने भ्रष्टाचार के सभी आरोपों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, 'मैंने भारत माता से एक रुपया भी नहीं लिया है और मुझे किसी बात का डर नहीं है। मैं फिर से संघर्ष करूंगा।' परिवार को कई पार्टी ट्रस्टों के कामकाज की जांच का सामना करना पड़ रहा है जिनके प्रतिनिधि परिवार के विभिन्न सदस्य हैं।

पार्टी द्वारा अपनाए गए उदयपुर घोषणा पत्र के अनुसार, पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी पदाधिकारी पांच साल से अधिक समय तक अपने पद पर न रहे। सीडब्ल्यूसी से लेकर, सभी पार्टी संगठनों में 50 वर्ष से कम उम्र के कम से कम 50 प्रतिशत सदस्य होंगे। आरक्षण के माध्यम से दलितों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को पार्टी में सभी स्तरों पर प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

पार्टी 'एक व्यक्ति, एक पद' नियम पर अमल करेगी और एक ही परिवार के दो सदस्य तभी पद धारण करने के पात्र होंगे जब दोनों ने संगठन में कम से कम पांच साल लगाए हों।

चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर द्वारा पार्टी में परिवर्तन को लेकर दिए गए सुझावों पर भी चर्चा नहीं की गई जिन्होंने प्रस्ताव देते हुए यह सुझाव दिया था कि गांधी परिवार, पार्टी के वास्तविक संचालन से खुद को अलग कर लें यानी राहुल गांधी की भूमिका पार्टी संगठन तक सीमित हो जाए और पार्टी अध्यक्ष के रूप में एक गैर-गांधी की नियुक्ति हो। कांग्रेस पार्टी के 23 असंतुष्ट नेताओं के समूह के सदस्य मसलन गुलाम नबी आजाद, पृथ्वीराज चव्हाण और मनीष तिवारी भी उदयपुर में मौजूद थे जिनकी संसदीय बोर्ड के पुनरुद्धार जैसी महत्त्वपूर्ण मांगों को नजरअंदाज कर दिया गया।

उदयपुर घोषणा में राजनीतिक और चुनावी प्रबंधन से संबंधित अन्य पहलुओं का जिक्र किया गया जिसको लेकर उदयपुर में मौजूद अधिकांश प्रतिनिधियों ने किसी न किसी तरीके से आवाज उठाई कि पार्टी को प्रभावी तरीके से चुनाव लड़ने पर जोर देना चाहिए। इसके लिए भाजपा से प्रेरणा लेते हुए पार्टी ने मंडल स्तर पर विशेष जोर देते हुए प्रखंड, जिला और राष्ट्रीय स्तर पर सभी रिक्तियों को भरने का संकल्प लिया है।

आम आदमी पार्टी (आप) के मॉडल को अपनाते हुए कांग्रेस पार्टी, नीतिगत और प्रशासनिक कामकाज के लिए सुझाव पाने के लिए जनता की राय जानने का आग्रह करेगी। इसके लिए एक नया पब्लिक इनसाइट विभाग स्थापित किया जाना है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास और राजनीतिकविचारधारा में प्रशिक्षित करने के लिए एक राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किया जाएगा। इस मकसद के लिए अहम संस्था के रूप में केरल स्थित राजीव गांधी विकास अध्ययन संस्थान की परिकल्पना की गई। पार्टी नेतृत्व को अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए विशिष्ट योजनाओं पर सलाह देने के लिए एक सामाजिक न्याय सलाहकार परिषद का गठन किया जाएगा।

पार्टी घोषणापत्र की अहम बातें

- कोई भी पार्टी पदाधिकारी पांच साल से अधिक समय तक अपने पद पर नहीं रहेगा
- सीडब्ल्यूसी से लेकर, सभी पार्टी संगठनों में 50 वर्ष से कम उम्र के कम से कम 50 प्रतिशत सदस्य होंगे
- आरक्षण के माध्यम से दलितों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को पार्टी में सभी स्तरों पर प्रतिनिधित्व दिया जाएगा
- पार्टी 'एक व्यक्ति, एक पद' नियम पर अमल करेगी
- एक परिवार के दो सदस्य तभी पद के पात्र होंगे जब दोनों ने संगठन में कम से कम पांच साल लगाए हों
- एक सामाजिक न्याय सलाहकार परिषद का गठन करने पर होगा जोर

आर्थिक संकल्प

पार्टी ने 1990 के दशक के अपने आर्थिक उदारीकरण और सुधार पहलों की सराहना करते हुए अपने आर्थिक संकल्प में इस बात पर भी जोर दिया कि रोजगार को अब देश की प्राथमिकताओं की आधारशिला बनाने की जरूरत है। पार्टी ने पर्याप्त विचार किए बिना किए गए निजीकरण का विरोध करने का भी वादा किया। इसके अलावा पार्टी ने विशेष रूप से मुनाफे में रहने वाले सरकारी उद्यमों को बेचने से पहले सामाजिक न्याय के लिए कोई अहम प्रावधान न किए जाने का भी विरोध करने की बात कही। इसने केंद्र-राज्य संबंधों के लगातार बिगड़ते माहौल की ओर ध्यान दिलाया।

पार्टी के अगले घोषणापत्र में चुनाव प्रणाली से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) हटाने की बात कही जा सकती है और कांग्रेस केंद्र में सत्ता में वापसी करने पर कागजी मतपत्र का प्रचलन शुरू करने का वादा करेगी।

अपने भाषण में, राहुल गांधी ने मुस्कुराते हुए टिप्पणी की कि पार्टी के कुछ सदस्य असफलताओं पर 'उदास' हो गए। यह इशारा जी-23 और इनकी कांग्रेस में संरचनात्मक सुधारों की मांगों की ओर किए गए सार्वजनिक संदर्भ में था। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता के साथ फिर से जुड़ने का कोई शॉर्टकट नहीं है और पार्टी को इसके लिए पसीना बहाना ही होगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से अपील की, किसानों और मजदूरों के बीच सिर्फएक या दो दिन नहीं, बल्कि महीनों बिताएं।

उन्होंने कहा, 'अगर कोई एक क्षेत्र है जिसमें भाजपा बेहतर है तो वह है संचार, संवाद। उनके पास पैसा है और संसाधन है। हमें अपने संचार में सुधार करना होगा और लोगों के साथ जुड़ना होगा। जब हम जमीनी स्तर पर पार्टी के ढांचे को आक्रामक रूप से बदलते हैं तो हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का मुकाबला करने में सक्षम होंगे।'

राहुल ने कहा कि भारत के लोकतंत्र में 'बातचीत की परंपरा' को खत्म करने के संघ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रयासों से हर उस कांग्रेसी को लड़ना होगा जो भारत के लोकतंत्र में भरोसा करते हैं। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपने समापन भाषण में कहा, 'हम जीत हासिल करेंगे, हम जीतेंगे, हम इससे उबरेंगे।' उन्होंने कहा कि पार्टी में सुधार के बलबूते संगठन 2024 के आम चुनावों पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम होगा।

प्रधानमंत्री मोदी आज नेपाल यात्रा पर

संबंधों को और गहरा करना है: मोदी

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत और नेपाल के संबंध 'अद्वितीय' हैं। उन्होंने यह टिप्पणी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पड़ोसी देश की अपनी यात्रा से एक दिन पहले की। प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में जारी बयान में कहा कि पिछले महीने नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की भारत यात्रा के दौरान हुई 'लाभप्रद' चर्चा के बाद दोबारा उनसे मिलने को लेकर उत्सुक हूं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष जलविद्युत, विकास और संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को विस्तार देने को लेकर बनी समझ को आगे बढ़ाएंगे।

मोदी ने नेपाल यात्रा से पहले जारी बयान में कहा, 'हमारे नेपाल के साथ संबंध अद्वितीय हैं। भारत और नेपाल के बीच सभ्यतागत और लोगों से लोगों के संबंध हमारे करीबी रिश्तों की स्थायी इमारत पर खड़े हैं।' उन्होंने कहा, 'मेरी इस यात्रा का उद्देश्य समय की कसौटी पर खरे उतरे इन संबंधों को और मजबूत करना है, जिन्हें सदियों से पोषित किया गया है और ये हमारे आपसी मेलजोल के लंबे इतिहास में दर्ज हैं।'

प्रधानमंत्री मोदी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को एक दिवसीय यात्रा पर भगवान बुद्ध के जन्मस्थान लुम्बिनी जाएंगे। वर्ष 2014 में पद संभालने के बाद प्रधानमंत्री की यह पांचवी नेपाल यात्रा है। मोदी ने कहा, 'मैं बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मायादेवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने को लेकर उत्सुक हूं। भगवान बुद्ध के पवित्र जन्मस्थान पर श्रद्धा प्रकट करने वाले लाखों भारतीयों का अनुकरण कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।'

मोदी और देउबा लुम्बिनी में बातचीत करेंगे, जिसके केंद्र में जल विद्युत और संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना होगा। मोदी ने कहा, 'प्रधानमंत्री देउबा की पिछले महीने की गई भारत यात्रा के दौरान हुई लाभप्रद चर्चा के बाद दोबारा बैठक को लेकर उत्सुक हूं।' उन्होंने कहा, 'हम जल विद्युत, विकास और संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की साझा समझ को आगे बढ़ाएंगे।' प्रधानमंत्री लुम्बिनी में बौद्ध संस्कृति और विरासत केंद्र के निर्माण की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। मोदी ने कहा, 'पवित्र मायादेवी मंदिर में दर्शन करने के अलावा, मैं लुम्बिनी के मुख्यालय में बौद्ध संस्कृति और विरासत के लिए इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के शिलान्यास समारोह में भी शामिल होउंगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि वह नेपाल सरकार द्वारा महात्मा बुद्ध की जयंती से संबंधित समारोह में भी शिरकत करेंगे। उल्लेखनीय है कि लुम्बिनी दक्षिण नेपाल की तराई में स्थित है और महात्मा बुद्ध का जन्म स्थान होने की वजह से बौद्धधर्म के सबसे पवित्र स्थानों में से एक है। *भाषा*

संसद के सदस्य मिलकर काम करें: राजपक्षे



राष्ट्रपति गोटाभाया राजपक्षे

संकटग्रस्त श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाभाया राजपक्षे ने रविवार को संसद के सभी सदस्यों से अपील की कि वे एकजुट हों और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल काम करें, खासतौर पर तब जब आर्थिक संकट की वजह से देश अपने 'सबसे खराब दौर से गुजर रहा है।' गोटाभाया राजपक्षे ने यह टिप्पणी 'वेसाक पोया दिवस' के मौके पर की। राष्ट्रपति ने कहा, 'हमें मौजूदा स्थिति के प्रति सचेत रहना चाहिए और उन कार्यक्रम को लेकर एकजुट होना चाहिए जो सभी के संकल्पों पर खरा उतर सके।'

वेसाक पोया दिवस भगवान बुद्ध के जन्म, निर्वाण और महापरिनिर्वाण के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। कहा जाता है कि भगवान बुद्ध के जीवन की तीनों घटनाएं एक ही तारीख पर हुई थी। राष्ट्रपति ने कहा, 'मुश्किल समय में लचीलापन आवश्यक है। इस मौके पर जब देश सबसे खराब स्थिति में है, सभी जन प्रतिनिधियों को तुरंत सभी लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। वास्तविक उद्देश्य मूल लक्ष्य से डिगे बिना इच्छित लक्ष्य तक पहुंचने का होना चाहिए।' नवनियुक्त प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने भी इस मौके पर जारी संदेश में लोगों की जिंदगी को पटरी पर लाने की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि यह भगवान बुद्ध के समक्ष की गई प्रतिबद्धता है। *भाषा*

भारत ने थॉमस कप जीतकर रचा इतिहास

भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम ने रविवार को बैंकॉक में एकतरफा फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर पहली बार थॉमस कप का खिताब जीतकर अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के इतिहास का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। टीम के लिए विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेताओं लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी ने यादगार जीत दर्ज की।

कई खिलाड़ी प्रेरित होंगे: मोदी

थॉमस कप में बैडमिंटन टीम की पहली खिताबी जीत की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्होंने इतिहास रचा है और उनकी जीत कई उभरते हुए खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। मोदी ने ट्वीट किया, 'भारतीय बैडमिंटन टीम ने इतिहास रच दिया। भारत के थॉमस कप जीतने से पूरा देश खुश है। हमारी सफल टीम को बधाई और भविष्य के टूर्नामेंट के लिए उन्हें शुभकामनाएं। यह जीत कई उभरते हुए खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी।'

1 करोड़ रुपये का पुरस्कार

भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) अध्यक्ष हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को थॉमस कप का खिताब जीत कर इतिहास रचने वाली भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम के खिलाड़ियों के लिए 1 करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। उन्होंने साथ ही टीम के सहयोगी कर्मी के लिए भी 20 लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की। उन्होंने लगातार ट्वीट कर देश को गौरवान्वित करने वाली टीम को बधाई दी। *भाषा*

नाटो सदस्य बनने को इच्छुक फिनलैंड

यूक्रेन पर जारी रूसी हमले के बीच फिनलैंड के राष्ट्रपति और सरकार ने रविवार को ऐलान किया कि उनका देश पश्चिमी देशों के सैन्य संगठन नाटो की सदस्यता लेने का इच्छुक है। नॉर्डिक देश के इस ऐलान से 30 सदस्यीय उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। राष्ट्रपति सौली निनिस्टो और प्रधानमंत्री सना मारिन ने हेल्सिंकी में राष्ट्रपति भवन में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। उम्मीद है कि फिनलैंड की संसद आने वाले दिनों में इस फैसले का समर्थन करेगी, यानी औपचारिकता बाकी रह गई है। *भाषा*
